(ग) यदि हां, तो क्या सेंसर बोर्ड का यह निर्णय बोर्ड को दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) जी हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) यह सवाल पैदा ही नहीं होता।

633. [*Transferred to the 4th Jan., 1991*]

गरीबी रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों के बारे में आपरेशन्स रिसर्च ग्रुप द्वारा किया गया सर्वेक्षण

634. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान देश में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिये आपरेशन्स रिसर्च ग्रुप द्वारा किये सर्वेक्षण की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि इस सर्वेक्षण के अनुसार देश की आधी आबादी अभी भी गरीबी रेखा से नीचे रह रही है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भजन लोरारका) : (क) समाचार पत्रों में देश में गरीबी के आयामों का अध्ययन करने हेतु आपरेशन्स रिसर्च ग्रुप (ओ आर जी) द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 83000 परिवारों को सम्मिलित करते हुये किया गया एक अध्ययन प्रकाशित किया है। यद्यपि कुछ सांख्यिकी सारणियां प्रकाशित की गई हैं परन्तु सर्वेक्षण हेतु प्रकारित अनुसूची संबंधी ब्यौरों की रिपोर्ट, पैरामीटरों की परिभाषा जैसे परिवारों से पूछी गई आय और गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे लोगों के आकलन की विधिविधि तथा प्रेस रिपोर्ट में उल्लिखित अध्ययन के अन्य निष्कर्ष आपरेशन्स रिसर्च ग्रुप द्वारा जारी नहीं किये गये हैं।

(ख) इन ब्यौरों का सभी सुसंगत विवरणों की रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद ही अध्ययन किया जा सकता है।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

साम्प्रदायिक और जातीय दंगे

635. **श्री बलराम सिंह यादव :**
डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी से नवम्बर, 1990 तक देश के विभिन्न राज्यों में अनेक साम्प्रदायिक और जातीय दंगे हुये हैं; यदि हां, तो प्रत्येक राज्य में ऐसे कितने-कितने दंगे हुये ; और

(ख) इसके परिणामस्वरूप राज्य वार कितने-कितने व्यक्ति मारे गये तथा नष्ट हुई संपत्ति का ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है।